



# साफ भोजन-पानी मांग रहे छात्रों को गार्डों ने पीटा

## दूषित पानी और भोजन मिलने से कई छात्र हो चुके बीमार, मारपीट से भड़के छात्रों ने कैंपस में की तोड़फोड़, वाहनों में लगाई आग

- रात भर कॉलेज परिसर में रही हंगामे की स्थिति
- कॉलेज प्रबंधन ने 8 दिसंबर तक अवकाश घोषित किया

नवभारत न्यूज

**सीहोर 26 नवंबर. दूषित पानी और खराब भोजन दिए जाने की शिकायत पर भी जब सुनवाई नहीं हुई तो वीआईटी के छात्र आक्रोशित हो गए और सोमवार की रात जब उनके साथ सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट कर दी तो इनका गुस्सा और भड़क गया. इसके बाद यह छात्र बाहर निकले और फिर कुछ ही देर में आगजनी, तोड़फोड़ शुरू हो गई. जैन जी की तर्ज पर इन छात्रों के सामने जो कुछ आया उसे नहीं छोड़ा. हालात बिगड़ते गए और फिर देखते ही देखते उत्तेजित छात्रों ने कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया. यही नहीं उन्होंने छात्रावास, लिफ्ट, पोस्ट ऑफिस और कैंटीन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया. सूचना मिलने पर दमकलों सहित जिले के पांच थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति पर काबू पाया. मंगलवार सुबह कॉलेज प्रबंधन ने 8 दिसंबर तक छुट्टी की घोषणा कर दी तो हैरान छात्र-छात्राएं अपने घर पहुंचने के लिए परेशान नजर आए.**

जानकारी अनुसार कॉलेज में कुछ दिनों से छात्र पीलिया और वायरल से पीड़ित हो रहे थे. कॉलेज प्रबंधन ने इन छात्रों को उनके घर भेज दिया था. बच्चों के अभिभावकों ने सोमवार को जब प्रशासन को इससे अवगत कराया तो प्रशासन ने कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग की एक टीम को कॉलेज भेजा था. इसके बाद रात करीब 11 बजे जब कुछ छात्रों का सुरक्षाकर्मियों से विवाद हुआ तो उन्होंने छात्रों के साथ मारपीट शुरू



**सीहोर.** बीती रात वीआईटी कैंपस में आक्रोशित छात्रों ने कई वाहनों व छात्रावास को आग के हवाले कर दिया था.

कर दी. बाद में स्थिति बिगड़ती चली गई और फिर कुछ ही देर में हॉस्टल में रह रहे छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा. आक्रोशित छात्रों ने पहले तोड़फोड़ की और फिर कॉलेज कैंपस में खड़ी बसों, कारों को आग के हवाले कर दिया.

इस घटना के बाद वीआईटी कॉलेज प्रबंधन ने रात 1.30 बजे बच्चों को 30 दिसंबर तक कॉलेज बंद करने की सूचना दी. इस पर सुबह से ही बच्चे यहां से घर जाने के लिए निकले. बाद में मंगलवार सुबह फिर से सूचना दी गई कि अब कॉलेज 8 दिसंबर तक बंद रहेगा, इसलिए सभी छात्रावास खाली होने लगे. हजारों छात्र-छात्राएं हाथों में सूटकेस लेकर सड़क से पैदल होते हुए भोपाल इंदौर फोरलेन पहुंच रहे थे. यह क्रम शाम तक चलता रहा. बसों और प्राइवेट वाहनों में जगह तक नहीं मिल रही थी. बच्चों में इस कदर घबराहट थी कि वह यहां से किसी भी तरह निकलना चाह रहे थे. पूरी घटना को लेकर छात्र कुछ भी बोलने से कतराते देखे गए.

मंगलवार दोपहर के बाद कॉलेज परिसर में प्रबंधन से बात करने कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, आष्टा के पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय,करणी सेना के पदाधिकारी कृष्णा बुंदेला भी पहुंचे. इस दौरान कॉलेज प्रबंधन से प्रशासन के अधिकारियों की बैठक भी हुई. छात्रों द्वारा प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर संज्ञान लेते जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने कलेक्टर और एसपी दीपक कुमार शुक्ला तथा कॉलेज प्रबंधन से घटना की जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कॉलेज में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं.



**सीहोर.** सुबह जले हुए वाहन रात को हुई आगजनी की घटना को बयां कर रहे थे.



**सीहोर.** कॉलेज में अवकाश घोषित होने के बाद छात्र अपने घरों के लिए रवाना हुए.

### वार्डन व अन्य के खिलाफ आष्टा थाने में प्रकरण दर्ज

घटना के दौरान प्राप्त वीडियो में कुछ वार्डन/ गार्ड द्वारा छात्रों के साथ मारपीट के दृश्य पाए गए. इस पर प्रशांत कुमार पांडे एवं अन्य के विरुद्ध थाना आष्टा में प्रकरण दर्ज किया गया है. वहीं कॉलेज प्रबंधन द्वारा परिसर में हुए नुकसान का आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसके आधार पर थाना आष्टा में बलवा,आगजनी तोड़फोड़ एवं अन्य धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया. वीआईटी कॉलेज के रजिस्ट्रार केके नायर की मानें तो इस घटना में लगभग पांच करोड़ रुपए की संपति को नुकसान पहुंचा है. जिसमें आठों छात्रावास की लगभग दो दर्जन लिफ्ट को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया है. इसके अलावा दो बस, दो कार एवं वैन को आग लगाई गई है. इसके अलावा आरओ वाटर प्लांट को भी नुकसान पहुंचाया गया है. घटना को गंभीरता से लेते हुए निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के सचिव डॉ. देवेन्द्र सिंह गुर्जर ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है. भोपाल के प्रोफेसर अनिल शिवानी, प्रो. संजय दीक्षित एवं डॉ. लोकेन्द्र दवे द्वारातीन दिन में जांच रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत की जाएगी.

### कैंपस में चारों तरफ आग की लपटें व धुआं

रात दो बजे आलम यह हो गया कि कॉलेज कैंपस के चारों तरफ आग की लपटें दिखाई देने लगीं. छात्रों ने बसों और कारों के अलावा छात्रावास, लिफ्ट, पोस्ट ऑफिस और कैंटीन को भी नहीं छोड़ा. कॉलेज छात्रावास में रह रहे हजारों छात्र सड़कों पर उतर आए और जमकर नारेबाजी होने लगी. जो कुछ सामने आया वहीं इनके गुस्से का शिकार हुआ. सूचना मिलते ही आष्टा, जावर, सीहोर, इछावर और भैरूंदा से भी पुलिस बल बुलाना पड़ा. आग पर काबू पाने दमकलों को भेजा गया.

### पूरे मामले की जांच कराई जा रही है

एक दिन पहले जानकारी मिलने पर हमने सीएमएचओ के साथ जांच टीम को कॉलेज भेजा था. छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के अलावा खाद्य पदार्थों के सैंपल भी जांच करने लिए गए हैं. मामले की जांच के लिए टीम का गठन किया जा रहा है. कॉलेज प्रबंधन को भी विभिन्न निर्देश दिए गए हैं. इसके अलावा एहतियातन कॉलेज में छुट्टी भी करा दी गई है.

**बालागुरू के.,**
कलेक्टर जिला सीहोर

## दुर्घटना का फरार कार चालक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 26 नवंबर.** पांच दिन पहले 21 नवंबर को भोपाल-इंदौर हाईवे स्थित ग्राम मुगीसपुर के समीप बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारने वाले आरोपी चितावलिया निवासी भोपालसिंह वर्मा को आखिरकार मंडी पुलिस ने बीती रात गिरफ्तार किया. बुधवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जमानत पर छोड़ दिया गया.

गौरतलब है कि गत 21 नवंबर की रात मुगीसपुर के समीप एक तेज रफ्तार कार ने बाइक से जा रहे दो युवकों कृष्णा वर्मा और शुभम वर्मा को रौंद दिया था. इस हादसे में कृष्णा वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई थी. घटना के बाद एक युवक शुभम वर्मा कार में उलझकर काफी दूर तक घिसटता गया, लेकिन आरोपी कार चालक ने वाहन नहीं रोका. इसके बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया था. गंभीर रूप से घायल शुभम का भोपाल के एम्स अस्पताल में उपचार चल रहा है. आरोपी कार चालक भोपाल सिंह घटना के बाद से ही फरार चल रहा था. बीती रात मंडी पुलिस ने उसे कार सहित गिरफ्तार किया था. बुधवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया है.

## नेशनल हाईवे निर्माण को लेकर ग्रामीणों का विरोध

- होलीपुरा में जेसीबी मशीनों के आगे खड़े हुए ग्रामीण
- प्रशासन ने ग्रामीणों को दी तीन दिन की मोहलत

नवभारत न्यूज

**बुधनी 26 नवंबर.** राष्ट्रीय राजमार्ग-146 के निर्माण कार्य को लेकर ग्राम होलीपुरा के ग्रामीणों ने विरोध जताया. मकानों और ढांचों को हटाने के लिए पहुंचे दल का ग्रामीणों ने विरोध किया. महिलाएं और पुरुष जेसीबी मशीनों के सामने खड़े हो गए, जिससे कार्यवाही रोकनी पड़ी.

ग्रामीणों के विरोध और बढ़ते आक्रोश को देखते हुए प्रशासन को सूचना दी गई.एसडीएम दिनेश सिंह तोमर और एसडीओपी रवि शर्मा मौके पर पहुंचे.

ग्रामीणों ने अधिकारियों से कुछ दिनों की मोहलत मांगते हुए कहा कि वे स्वयं अपने घर और खलिहान हटाकर भूमि खाली कर देंगे. ग्रामीणों की मांग पर एसडीएम ने तीन दिनों की मोहलत प्रदान की है. गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-146 बी को विकसित किया जा रहा है. इसके तहत होलीपुरा में भूमि अधिग्रहण किया गया था और ग्रामीणों को



नोटिस भी जारी किए गए थे. लेकिन कुछ परिवारों द्वारा अब तक अपने ढांचे नहीं हटाए जाने के कारण प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी. एसडीएम डीएस तोमर ने बताया कि तीन दिन की मोहलत दी गई है, जिसके बाद वे स्वयं जगह खाली कर देंगे.

## आगामी अप्रैल तक मिलेगी ऑडिटोरियम की सौगात

- टाउनहाल परिसर में बन रहा है 500 सीटर ऑडिटोरियम
- नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सीहोर 26 नवंबर. शहर को आने वाले दिनों में ऑडिटोरियम की सौगात मिलने जा रही है. इसका काम आगामी अप्रैल 2026 में पूर्ण होने जा रहा है. नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने निर्माण कार्य



का निरीक्षण किया और तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया.

सांस्कृतिक और अन्य आयोजन के लिए टाउन हाल के अलावा कोई दूसरी जगह नहीं थी. इसलिए सभी आयोजन इसी जगह करना पड़ते थे. यह टाउन हॉल काफी पुराना हो चुका है. नपा अध्यक्ष ने बताया कि टाउन हाल का कुल रकबा 3 एकड़ है। इसमें अभी आगे टाउन हाल बना है. ऑडिटोरियम निर्माण होने के बाद टाउनहाल के पुराने भवन को गिरा दिया जाएगा. नया ऑडिटोरियम भवन तैयार हो रहा है इसमें 500 लोगों के बैठने की व्यवस्था है. इसके अलावा वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह रहेगी. अप्रैल माह तक यह तैयार हो जाएगा.

## कमरे में मिला वीआईटी के फैकल्टी का शव

नवभारत न्यूज

सीहोर 26 नवंबर. नगर के चाणक्यपुरी क्षेत्र में किराए से रहने वाले वीआईटी यूनिवर्सिटी के फैकल्टी का शव उनके मकान में मिला है. मृतक की पहचान संग्राम केसरी दास के रूप में हुई है. वह वीआईटी में इलेक्ट्रॉनिक्स विषय के प्रोफेसर थे. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस सूत्रों के अनुसार आज एक व्यक्ति प्रोफेसर का शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचा और फिर वहां से चला गया. पुलिस को कई घंटों तक मृतक की पहचान करने में मशक्कत करनी पड़ी. कई घंटों के प्रयासों के बाद ही उनकी पहचान संग्राम केसरी दास के रूप में हो सकी. वीआईटी यूनिवर्सिटी के अमित सिंह ने बताया कि संग्राम केसरी दास मूल रूप से ओडिशा के रहने वाले थे. वह यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रॉनिक्स के छात्रों को पढ़ाते थे. मृतक के परिजन शाम तक सीहोर पहुंचने वाले हैं. फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

**जनाक्रोश** सकल हिंदू समाज ने पैदल मार्च निकालकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## दुष्कर्मी को फांसी पर लटकाने की मांग को लेकर नगर रहा बंद

नवभारत न्यूज

**सीहोर 26 नवंबर.** हाल ही में गौहरगंज में मासूम बालिका से दुष्कर्म की शर्मनाक घटना के बाद से लोगों में आक्रोश का उबाल बना हुआ है. इस घटन के विरोध में बुधवार को सकल हिन्दू समाज के आव्हान पर दोपहर दो बजे तक संपूर्ण शहर पूरी तरह बंद रहा. लोगों को चाय- पानी व नाश्ता भी नहीं मिल सका. इधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे चपे पर पुलिस बल भी तैनात रहा.

गौहरगंज में बच्ची के साथ जिहादी मानसिकता के आरोपी सलमान के द्वारा की गई जघन्य दुष्कर्म की शर्मनाक घटना को लेकर नगर में आक्रोश दिखाई दिया. सकल हिंदू समाज ने आरोपी के सीधे एनकाउंटर की मांग को लेकर बुधवार सुबह से दोपहर तक सीहोर बंद का आह्वान किया था. नन्हीं बालिका के साथ जघन्य दुष्कर्म की घटना के विरोध में सकल हिंदू समाज ने कड़ा रोष व्यक्त किया और शहर के बड़ा बाजार में सभा कर आरोपी को मौत की सजा देने की मांग की गई. शहर के मुस्लिम समाज ने भी अपनी दुकान बंद रखी और बंदमें अपना सहयोग




दिया. सराय बाजार, छावनी कस्बा सराय, मछली बाजार, भोपाली फाटक पुख्ता मस्जिद क्षेत्र, मंडी पूरी तरह से बंद रहे.

विहिप बजरंग दल के नैतिक शिक्षा प्रमुख सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और सकल हिंदू समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम तन्मय वर्मा को दिया.

### आज बुधनी नगर बंद का आव्हान

**बुधनी.** गौहरगंज में मासूम बच्ची के साथ हुई शर्मनाक घटना को लेकर हिंदू संगठनों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है. इसी विरोध को देखते हुए नगर में सकल हिंदू समाज एवं विभिन्न धार्मिक संगठनों ने गुरुवार को दोपहर 3 बजे तक नगर बंद रखने का निर्णय लिया है. व्यापारी संघ अध्यक्ष नवल दावड़ा ने बताया कि समस्त व्यापारियों को बंद की सूचना प्रदान कर दी गई है. इस दौरान सभी आवश्यक सेवाएं यथावत रूप से संचालित रहेंगी, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो.

## तीन मेडिकल स्टोर के लायसेंस निरस्त

**सीहोर.** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले की 5 मेडिकल दुकानों पर अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की गई है. 3 मेडिकल दुकानों मेसर्स राजा मेडिकल भैरूंदा, मेसर्स विजासन मेडिकल रेहटी, मेसर्स सोनम मेडिकल मालीबाया के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं तथा दुआ मेडिकल श्यामपुर एवं माहेश्वरी मेडिकल सीहोर के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं. जांच दल द्वारा अनियमिततापाए जाने पर इन मेडिकल दुकानों को नोटिस जारी किया गया था और जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे. इन मेडिकलों द्वारा इस संबंध में कोई जवाब प्रस्तुत नही किया गया और क्रय-विक्रय रिकॉर्ड भी प्रस्तुत नही किया गया था.

### एक नजर में



#### संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन

**सीहोर.** संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूल, कॉलेज तथा संस्थाओं में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया. कलेक्टर कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत एवं रविन्द्र परमार सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया.



#### जिला न्यायालय में किया गया प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

**सीहोर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार संविधान दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया. इस मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया. कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, तृतीय जिला न्यायाधीश श्रीमती स्मृतासिंह ठाकुर, द्वितीय जिला न्यायाधीश एमके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती विनीता गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह, न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राधेश्याम यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती सपना शर्मा आदि उपस्थित थे.




#### संविधान दिवस पर प्रश्नमंच प्रतियोगिता एवं रैली

**सीहोर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया और विद्यार्थियों के लिए प्रश्न मंच तथा स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित करसंविधान जागरूकता रैली भी निकाली गई. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा, डॉ उदय डोलस, राजकुमार साहू, डॉ तृप्ता झा, डॉ दुष्यंत कौल, डॉक्टर टिमोथियस एक्का उपस्थित थे.




#### पीएम श्री कन्या विद्यालय में छात्राओं ने ली शपथ

**बुधनी.** पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर छात्राओं को संविधान की महत्वता एवं मूल भावनाओं से अवगत कराया गया. छात्राओं को संविधान विषय पर शपथ दिलाई गई. छात्राओं को इन अधिकारों और कर्तव्यों के ज्ञान तथा उनके पालन की अनिवार्यता से अवगत कराया. कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य दुर्गा वर्मा, नवीन तनेजा,आदि उपस्थित थे. शपथ नमिता तिवारी द्वारा दिलाई गई.



#### विधिक साक्षरता शिविर में दी छात्राओं को जानकारी

**आष्टा.** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरणके निर्देशन एवं विजय डांगी, द्वितीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के मार्गदर्शन में श्रीमती ऋचा जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारासंविधान दिवस के उपलक्ष्य में शहीद भगत सिंह हायर सेकेण्डरी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें श्रीमती जैन द्वारा कानूनों की जानकारी दी गई एवं संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया. शिविर में डायरेक्टर भोलू सिंह ठाकुर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं. प्राचार्य श्रीमती रीना ठाकुर द्वारा आभार माना गया.

#### बहुजन उत्सव समिति ने मनाया संविधान दिवस

**सीहोर.** बहुजन उत्सव समिति द्वारा अंबेडकर पार्क में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं कैंडल जलाकर संविधान दिवस मनाया गया. इस अवसर पर दलित चिंतक नरेन्द्र खंगराले, जांगड़ा समाज अध्यक्ष रामचरण दसलानिया, दयाराम गवाटिया, लक्ष्मी दोहरे, प्रेमलता सेल, एन.पी.सागर, लाड़सिंह कटारिया, सुनील बामनिया, कृष्णा सूर्यवंशी, कपिल चौधरी, नीरज जाटव, नवीन महोबिया, सचिन जाटव, धनराज थरेले, पार्षद लोकेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे.

#### शासकीय महाविद्यालय इछावर में संविधान दिवस मनाया

**इछावर.** शासकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस पर उद्देशिका का वाचन एनएसएस प्रभारी डा.अरविंद बैस ने किया. अध्यक्षता प्राचार्या डा.सुनीता यादव ने की. वरिष्ठ शिक्षक विनीत शर्मा,शरद मेश्राम, नीता माहौर,स्टाफ एवं फाउंडेशन पदाधिकारी, विद्यार्थियों की उपस्थिति रही. इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई.